एएसआई द्वारा राखीगढ़ी में उत्खनन

प्रलिमि्स के लयि:

भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण, सधिु घाटी सभ्यता।

मेन्स के लयि:

राखीगढ़ी, हड़प्पा सभ्यता की प्रमुख खोज।

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा हड़प्पा सभ्यता के राखीगढ़ी स्थल की खुदाई में कुछ घरों, गलयिों और जल नकिासी व्यवस्था की संरचना का पता चला है।

- ASI की खुदाई में तांबे और सोने के आभूषण, टेराकोटा के खलिौनों के अलावा हज़ारों मट्टिी के बर्तन और मुहरें भी मलिी हैं।
- इस उत्खनन का उद्देश्य राखीगढ़ी के संरचनात्मक अवशेषों का पता लगाना और उन्हें **भवषि्य के लयि संरक्षति कर राखीगढ़ी के पुरातात्त्वकि स्थल को पर्यटकों के लयि सुलभ बनाना** है।
- इसके अलावा उत्खनन में मलि दो मानव कंकालों के डीएनए नमूने एकत्र कर उन्हें वैज्ञानकि जाँच के लयि भेजा गया है, इन डीएनए नमूनों की जाँच रपिोर्ट के आधार पर हज़ारों साल पहले राखीगढ़ी क्षेत्र में रहने वाले लोगों की वंश परंपरा और भोजन की आदतों के बारे में पता लगाया जा सकता है।

राखीगढ़ी:

- राखीगढ़ी **भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा हड़प्पा स्थल है।**
  - भारतीय उपमहाद्वीप में सधिु घाटी सभ्यता (हड़प्पा सभ्यता) के अन्य बड़े स्थल **पाकस्तिान में हड़प्पा, मोहनजोदड़ो और गनवेरीवाल** तथा **भारत में धोलावीरा (गुजरात)** हैं।
- राखीगढ़ी में इस सभ्यता की शुरुआत का पता लगाने और **6000 ईसा पूर्व (पूर्व-हड़प्पा चरण)** से **2500 ईसा पूर्व** तक इसके क्रमकि वकिास का अध्ययन करने के लयि खुदाई की जा रही है।
  - इस स्थल का उत्खनन कार्य ASI के अमरेंद्र नाथ के नेतृत्व में कयिा गया।
- राखीगढ़ी वर्ष **2020 में बजट भाषण के दौरान केंद्रीय वत्ति मंत्री द्वारा घोषति पाँच** प्रतषि्ठति स्थलों में से एक है।
  - ऐसे अन्य स्थल उत्तर प्रदेश में हस्तनिापुर, असम में शवसिागर, गुजरात में धोलावीरा और तमलिनाडु में आदचिनल्लूर हैं।

साइट के प्रमुख नष्किर्ष:

- **बस्तयिाँ:**
  - पुरातात्त्वकि उत्खनन से पता चलता है कि परपिक्व हड़प्पा चरण का प्रतनिधित्वि योजनाबद्ध नगर प्रणाली द्वारा कयिा गया था जसिमें मट्टिी-ईंट के साथ-साथ पकी हुई ईंट के घरों में उचति जल नकिासी की व्यवस्था थी।
- **मुहरें और मृद्भांड:**
  - एक बेलनाकार मुहर, जसिके एक ओर पाँच हड़प्पा वर्ण आकृतयिाँ तथा दूसरी ओर घड़यिाल का चत्रि बना हुआ है, इस स्थल से की गई एक महत्त्वपूर्ण खोज है।
  - सरिमकि उद्योग का प्रतनिधित्वि लाल बर्तनों द्वारा कयिा जाता था, जसिमें साधारण तश्तरयिाँ , फूलदान, छद्रिति जार शामलि थे।
- **अनुष्ठान और दाहसंस्कार:**
  - पुरातात्त्वकि उत्खनन में मट्टिी के फर्श पर मट्टिी-ईंट तथा त्रकिोणीय एवं गोलाकार अग्नि-वेदयिों के साथ पशु बलि हेतु खोदे हुए गड्ढों के भी साक्ष्य प्राप्त हुए हैं जो हड़प्पावासयिों की अनुष्ठान प्रणाली को दर्शाता है।
  - उत्खनन से कुछ समाधयिाँ भी प्राप्त हुई हैं, जो नश्चिति रूप से परवर्ती चरण शायद मध्ययुगीन काल से संबंधति हैं।
  - उत्खनन में दो मादा कंकाल मलि जन्हिें मट्टिी के बर्तनों और जैस्पर, सुलेमानी मोतयिों तथा खोल की चूड़यिों जैसे आभूषणों के साथ दफनाया

गया था।

- **अन्य पुरातात्त्विक अवशेष :**
  - ब्लेड, टेराकोटा और खोल की चूड़ियाँ, अर्द्ध-कीमती पत्थरों के मनके, तांबे की वस्तुएँ, जानवरों की मूर्तियाँ, खिलौना गाड़ी का फ्रेम और टेराकोटा का पहिया, खुदा हुआ स्टीटाइट सील तथा सीलिंग।
- **DNA नमूनों का अध्ययन:**
  - हरियाणा स्थित हड़प्पा स्थल 'राखीगढ़ी' के कब्रिस्तान की खुदाई से निकले कंकाल के DNA (DeoxyriboNucleic Acid) पर किये गए अध्ययन में यह पाया गया कि **सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों की एक स्वतंत्र वंशावली** है।
  - इस अध्ययन ने हड़प्पावासियों की वंशावली के स्टेपी क्षेत्र के पशुपालकों या प्राचीन ईरानी किसानों से संबंधित होने की पूर्व अवधारणा को अस्वीकार कर दिया है।

हड़प्पा सभ्यता:

- इसे **सिंधु घाटी सभ्यता** के नाम से भी जाना जाता है।
- यह सभ्यता **लगभग 2500 ईस्वी पूर्व** दक्षिण एशिया के पश्चिमी भाग (समकालीन पकिस्तान तथा पश्चिमी भारत) में विकसित हुई।
- सिंधु घाटी सभ्यता मिस्र,मेसोपोटामिया,भारत और चीन की **चार सबसे बड़ी प्राचीन नगरीय सभ्यताओं में से एक** थी।
- वर्ष 1920 में भारतीय पुरातत्त्व विभाग द्वारा किये गए सिंधु घाटी के उत्खनन से प्राप्त अवशेषों से हड़प्पा तथा मोहनजोदड़ो जैसे दो प्राचीन नगरों की खोज हुई।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न (PYQs):

प्रश्न: ऋग्वैदिक आर्यों और सिंधु घाटी के लोगों की संस्कृति के बीच अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं? (2017)

1. ऋग्वैदिक आर्य युद्ध में हेलमेट और कोट का इस्तेमाल करते थे जबकि सिंधु घाटी सभ्यता के लोगों द्वारा इनके इस्तेमाल का कोई सबूत नहीं मिलता है।
2. ऋग्वैदिक आर्य सोना, चाँदी और तांबा से परिचित थे, जबकि सिंधु घाटी के लोग केवल तांबा और लोहे से।
3. ऋग्वैदिक आर्यों ने घोड़े को पालतू बनाया था, जबकि सिंधु घाटी के लोगों द्वारा इस जानवर के उपयोग के बारे में कोई साक्ष्य प्राप्त नहीं होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2और 3

उत्तर: C

प्रश्न: निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सिंधु सभ्यता के लोगों की विशेषता/विशेषताएँ प्रदर्शित करता है/करते हैं? (2013)

1. उनके पास बड़े-बड़े महल और मंदिर थे।
2. वे पुरुष और स्त्री दोनों रूपों में देवताओं की पूजा करते थे।
3. उन्होंने युद्ध में घोड़ों द्वारा खींचे गए रथों को नियोजित किया।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) 1, 2 और 3
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं है

उत्तर: (b)

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asi-excavation-of-rakhigarhi